राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की

जयपुर, 10 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार सायं वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन कर देश एवं प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

बुधवार सुबह ही जयपुर से राजकीय विमान द्वारा वाराणसी पहुंचे राज्यपाल श्री मिश्र ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दुग्धाभिषेक किया और विधिवत पूजा अर्चना की।

---